Teachingninja.in

Latest Govt Job updates

Private Job updates

Free Mock tests available

Visit - teachingninja.in

# UPSSSC

## Previous Year Paper

### Junior Assistant

### 31 May 2015

Teachingninja.in

Junior Assistant 2015

# भाग—1 : हिन्दी परिज्ञान और लेखन योग्यता

**निर्देश :** (प्रश्न संख्या **1** से **5**) निम्नलिखित अवतरण को पढ़कर सम्बद्ध वैकल्पिक उत्तरों में से सही उत्तर का चयन कर उसे चिह्नित करें।

हम सब लोग एक भीड़ से गुजर रहे हैं। जो सवेरे घर से निकलकर दफ़्तर और वापस घर जाकर अपना दिन सार्थक करते हैं, उन्हें भीड़ से सिर्फ बस में साक्षात्कार होता है। जो मोटर से चलते हैं उनके लिए भीड़ एक अवरोध है जिसे वे लोग सशक्त और फुर्तीली सवारी गाड़ी से पार कर जाते हैं। जो पैदल चलते हैं वे खुद भीड़ हैं। लेकिन ये तीनों वास्तव में न तो भीड़ से कुछ समय के लिए निपट कर बाकी समय मुक्त हैं न अलग-अलग रास्तों के कारण भीड़ के अन्दर कम या ज्यादा फँसे हुए हैं। ये सब बिल्कुल एक ही तरह से और हर समय पूरी तौर से भीड़ में फँस चुके हैं। सिर्फ इतना है कि ये जानते नहीं, और यह तो बिल्कुल नहीं जानते कि जिसके पास सत्ता है, वह राज्य की हो या संगठित उद्योग की, वह भीड़ का इस्तेमाल भीड़ में फँसे प्रत्येक व्यक्ति के विरुद्ध करता है। जान भी लें तो सिर्फ इतना जानते हैं कि हम इस संसार के नहीं रह गए हैं और हमारे चारों तरफ जीवन नहीं बल्कि भीड़ है जो अपनी शक्ल भीड़ के पर्दे पर नहीं देख सकते। अगर किसी को यह शक्ल दिखाई देने लगे तो उसे मालूम होता है कि अब वह जिस भीड़ को पहचानता है वह अभी तक उसके विरुद्ध इस्तेमाल की जाती रही है। अपनी शक्ल का यह परिचय कवि के लिए, जो एक भीड़ से अन्य सामान्य जनों की अपेक्षा अधिक गहरा भाषाई संबंध रखता है, एक मुक्त कर देने वाला अनुभव बन जाता है। उसका विपर्यय भी सही है कि जब तक उसे अपनी शक्ल नहीं दिखाई देती, वह फँसा रहता है।

**1.** उपर्युक्त गद्यांश का सही शीर्षक है

(A) भीड़ में कवि

(B) भीड़ का इस्तेमाल

(C) भीड़ में फँसे लोग

(D) भीड़ की शक्ल

**2.** भीड़ से मुक्ति का उपाय है

(A) भीड़ से दूर रहना

(B) भीड़ में अपनी शक्ल देखना

(C) भीड़ में खो जाना

(D) भीड़ का इस्तेमाल करना

**3.** भीड़ किनके लिए रुकावट है?

(A) पैदल चलने वालों के लिए

(B) बस में चलने वालों के लिए

(C) मोटर में चलने वालों के लिए

(D) दौड़ने वालों के लिए

**4.** भीड़ का इस्तेमाल किसके विरुद्ध किया जाता है?

(A) सरकार के विरुद्ध

(B) जनता के विरुद्ध

(C) विरोधियों के विरुद्ध

(D) भीड़ में फँसे लोगों के विरुद्ध

**5.** भीड़ का इस्तेमाल कौन करता है?

(A) सत्ताधारी

(B) नेता

(C) सरकार

(D) पूँजीपति



Teachingninja.in

**निर्देश :** (प्रश्न संख्या **6** से **9**) निम्नलिखित चार वाक्यों में तीन त्रुटिपूर्ण हैं। त्रुटिरहित वाक्य छाँटकर उसे चिह्नित करें।

**6.** (A) एक गीतों की पुस्तक ला दीजिए।

(B) एक गीत की पुस्तक ला दीजिए।

(C) गीतों की पुस्तक एक ला दीजिए।

(D) गीतों की एक पुस्तक ला दीजिए।

**7.** (A) मैं पूरी रात में जागता रहा।

(B) मैं सारी रात जागता रहा।

(C) मैं सारी रात भर जागता रहा।

(D) मैं पूरी रात भर जागता रह गया।

**8.** (A) जब तक मैं न आऊँ उस समय तक तुम पढ़ते रहना।

(B) जब तक मैं नहीं आऊँ तब तक तुम पढ़ते रहना।

(C) जब तक मैं नहीं आऊँ उस समय तक तुम पढ़ते रहना।

(D) जब तक मैं न आऊँ तब तक तुम पढ़ते रहना।

**9.** (A) यह काम मैं आसानी पूर्वक कर सकता हूँ।

(B) यह काम मैं आसानी के साथ कर सकता हूँ।

(C) यह काम मैं आसानी सहित कर सकता हूँ।

(D) यह काम मैं आसानी से कर सकता हूँ।

**निर्देश :** (प्रश्न संख्या **10** से **13**) निम्नलिखित वाक्यों में एक- एक स्थान रिक्त है। उचित विकल्प चुनकर चिह्नित करें।

**10.** गाँधीजी का अर्थशास्त्र धर्म और —— पर आधारित है।

(A) प्रशासन (B) अहिंसा

(C) न्याय (D) यश

**11.** —— दृष्टि राष्ट्रीयता का आधार है।

(A) धर्मानुसार (B) धर्मनिरपेक्ष

(C) धर्मसम्मत (D) धर्मसापेक्ष

**12.** लोकतंत्र राज्य जनता में राष्ट्रीय भावना —— रूप में जागरित करता है।

(A) अनिरंजित (B) स्वाभाविक

(C) संकीर्ण (D) अस्वाभाविक

**13.** विकास के लिए आर्थिक —— आवश्यक होती है।

(A) सक्षमता (B) बहुलता

(C) विविधता (D) आत्मनिर्भरता

**14.** निम्न में से कौन-सा व्यंजन पार्श्विक है?

(A) झ (B) य

(C) श (D) ल

**15.** 'उन्मेख' किस प्रकार का शब्द है?

(A) देशज (B) आगत

(C) तद्भव (D) तत्सम

**16.** किस बोली में 'ने' परसर्ग लगाया जाता है?

(A) राजस्थानी (B) अवधी

(C) ब्रजभाषा (D) खड़ी बोली

**17.** भारतवर्ष के लिए हिन्दी भाषा का नाम सबसे पहले किसने सुझाया?

(A) राजा राममोहन राय

(B) महात्मा गाँधी

(C) रवीन्द्रनाथ ठाकुर

(D) मदन मोहन मालवीय

**18.** 'देव जो महान है' यह किस समास का उदाहरण है?

(A) तत्पुरुष (B) अव्ययीभाव

(C) कर्मधारय (D) बहुव्रीहि



Teachingninja.in

19. 'योगदान' में कौन-सा समास है?

(A) बहुव्रीहि
(B) अव्ययीभाव
(C) तत्पुरुष
(D) कर्मधारय

20. 'उच्छ्वास' का सही संधि-विच्छेद है

(A) उत् + श्वास
(B) उत् + छवास
(C) उच् + श्वास
(D) उच् + छवास

21. जो हर समय अपना मतलब साधता हो उसे क्या कहा जाता है?

(A) स्वारथी
(B) मतलबी
(C) परमार्थी
(D) स्वार्थी

22. 'बहिर्मुखी' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?

(A) बहिस
(B) बहि
(C) बहिर्
(D) बहिर

23. निम्न में से कौन-सा वाक्य मिश्रवाक्य नहीं है?

(A) मैंने एक पुस्तक खरीदी जो नई है।
(B) यह वही बच्चा है जिसे बैल ने मारा।
(C) एक विज्ञान गोष्ठी हुई जिसमें अनेक वक्ता बोले।
(D) वह परिश्रमी ही नहीं वरन् ईमानदार भी है।

24. "साहित्य जनता की चित्तवृत्तियों का संचित प्रतिबिंब है।" यह उक्ति किसकी है?

(A) नगेन्द्र
(B) रामचन्द्र शुक्ल
(C) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(D) महावीर प्रसाद

25. 'मर्यादा' किस युग की प्रसिद्ध पत्रिका थी?

(A) द्विवेदी युग
(B) छायावादोत्तर युग
(C) भारतेन्दु युग
(D) छायावाद युग

26. निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित करें :

a. भक्तिहीं ज्ञानहि नहिं कछु भेदा — 1. अज्ञेय
b. हम राज्य लिए मरते हैं — 2. बिहारी
c. ये उपमान मैले हो गए हैं — 3. मैथिलीशरण गुप्त
d. बतरस लालच लाल की — 4. तुलसीदास

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (B) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (C) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (D) | 1 | 2 | 3 | 4 |

**निर्देश :** (प्रश्न संख्या **27** तथा **28**) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द चुनें।

27. कृतज्ञ

(A) सम्पादित
(B) कर्तव्य
(C) कृतघ्न
(D) अभ्यस्त

28. संकीर्ण

(A) विकीर्ण
(B) अनुदार
(C) उत्कीर्ण
(D) उदार

**निर्देश :** (प्रश्न संख्या **29** तथा **30**) निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द चुनें।

29. मृगधर

(A) शिव
(B) मयूर
(C) सिंह
(D) चंद्रमा

30. पराग

(A) सुगंध
(B) सुकुमार
(C) भारती
(D) फूल



teachingninja.in
Teachingninja.in

**निर्देश :** (प्रश्न संख्या **31** से **33**) नीचे दिए गए शब्द के लिए अर्थव्यंजक चार-चार विकल्प दिए गए हैं। सर्वाधिक उपयुक्त अर्थव्यंजक विकल्प चुनकर लिखें।

**31.** गयन्द

(A) गैंडा (B) बड़ा हाथी

(C) बड़ा घोड़ा (D) जंगली भैंसा

**32.** मूढ़चेता

(A) मूर्ख

(B) दूसरों को मूर्ख बनाने वाला

(C) मूर्ख जो बाद में चतुर बन गया हो

(D) आलसी

**33.** प्रायोगिक

(A) जिसका प्रयोग भविष्य में हो

(B) जिसका नित्य प्रयोग किया जाए

(C) जिसका प्रयोग कई वस्तुओं के योग से किया जाए

(D) जिसका पहले प्रयोग किया जा चुका हो

**34.** "खिली हुई हवा आई फिरकी सी आई, चल गई"— पंक्ति में अलंकार है

(A) संभावना (B) उत्प्रेक्षा

(C) उपमा (D) अनुप्रास

**35.** "पापी मनुज भी आज मुख से, राम नाम निकालते"— इस काव्य-पंक्ति में अलंकार है

(A) विभावना (B) उदाहरण

(C) विरोधाभास (D) दृष्टान्त

**36.** शान्त रस का स्थायीभाव है

(A) शृंगार (B) ग्लानि

(C) निर्वेद (D) रति

**निर्देश :** (प्रश्न संख्या **37** से **40**) निम्नलिखित वाक्यों में उनके प्रथम तथा अन्तिम अंश संख्या 1 और 6 के अन्तर्गत दिए गए हैं। बीच वाले चार अंश (य), (र), (ल), (व) के अन्तर्गत बिना क्रम के हैं। चारों अंशों को उचित क्रमानुसार व्यवस्थित कर उचित विकल्प चुनें।

**37.** 1. कुल मिलाकर आत्मरक्षा

(य) की रपट तथा पुलिस अधिकारियों की

(र) बातों से यही निष्कर्ष सामने आता है कि

(ल) छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए सुरक्षा के तरीकों में

(व) के मामले में महिला आयोग

6. निपुण किया जाता है।

(A) व य र ल (B) य र ल व

(C) ल य र व (D) र ल व य

**38.** 1. तब चेचक के समानांतर

(य) एक और बीमारी थी—गौशीतला,

(र) इसका शिकार हो जाता और उसके

(ल) आम धारणा थी कि बीमार गाय का दूध पीने वाला

(व) प्रायः यह रोग गाय के थनों में होता है,

6. हाथों में छोटे घाव व फुंसियाँ हो जाती हैं।

(A) य ल र व (B) य र व ल

(C) र य ल व (D) य व ल र

**39.** 1. देश में संतुलित क्षेत्रीय विकास

(य) केन्द्र सरकार द्वारा उन उद्यमों में

(र) योजनागत और योजनेतर संसाधनों द्वारा

(ल) सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों के ज़रिए

(व) की प्रगति का सबसे महत्त्वपूर्ण कारण

6. सीधे निवेश किया जाना है।

(A) व ल र य (B) र व य ल

(C) व ल य र (D) य ल र व

**40.** 1. राज्यों को विभिन्न योजनाओं के लिए

(य) जो संसाधन दिए जाते हैं

(र) योजना आयोग के माध्यम से

(ल) देश के विभिन्न भागों का

(व) उनका उद्देश्य

6. संतुलित क्षेत्रीय विकास करना है।

(A) य ल व र (B) ल व य र

(C) व य ल र (D) र य व ल




Teachingninja.in


## भाग—2 : सामान्य बुद्धि परीक्षण

**41.** प्रश्न आकृति, उत्तर आकृतियों में से किसमें छिपी हुई है?

प्रश्न आकृति :



उत्तर आकृतियाँ :



(A) (B) (C) (D)

**42.** लुप्त शब्द ज्ञात करें :

दूध : कैल्सियम :: दाल : ?

(A) लौह


(B) कार्बोहाइड्रेट

(C) प्रोटीन

(D) वसा


**43.** उत्तर आकृतियों में से चयन कर प्रश्न आकृतियों की शृंखला पूरी करें।

प्रश्न आकृतियाँ :




(I) (II) (III) (IV)

उत्तर आकृतियाँ :



(A) (B) (C) (D)

**44.** 17 बोगी वाली अंदर से जुड़ी एक ट्रेन के बीच के डिब्बे में एक खोनचेवाला है। वह 6 डिब्बे पीछे आकर अगले स्टेशन पर उतर जाता है। अब वह इंजन से लगे तीसरे डिब्बे में चढ़ जाता है। वह अपने पहले स्थान से कितने डिब्बे दूर है?

(A) 3 (B) 6

(C) 5 (D) 8

**45.** इस प्रश्न में एक कथन-समूह के साथ चार वैकल्पिक निष्कर्ष दिये गये हैं। सबसे उचित विकल्प का चुनाव करें :

''कुछ कपड़े कमीज हैं। सभी कमीज सफेद हैं। कुछ कपड़े लाल हैं।''

(A) कुछ कमीज सफेद हैं

(B) सभी कपड़े लाल हैं

(C) सभी कमीज लाल हैं

(D) कुछ कपड़े सफेद हैं

**46.** यदि RED को कूट भाषा में 360 लिखा जाता है, तो GREEN को लिखा जा सकता है

(A) 44400

(B) 41400

(C) 44110

(D) 44100

**47.** निम्नलिखित अक्षरों का कौन-सा समूह अन्य समूहों से सम्बन्धित नहीं है?

(A) FCGJ

(B) DAEH

(C) KIMP

(D) HEIL



Teachingninja.in

**48.** विलुप्त संख्या भरें :

| | | |
|---|---|---|
| 4 | 9 | 2 |
| 3 | ? | 7 |
| 8 | 1 | 6 |

(A) 7 (B) 5

(C) 4 (D) 6

**49.** यदि $A$ है '–', $B$ है '+' तथा $C$ है '×', तो $(5C4)A(2B3)B6$ का मान क्या है?

(A) 31 (B) 21

(C) 19 (D) 9

**50.** यदि '+' का तात्पर्य है 'से बड़ा', '–' का तात्पर्य है 'से छोटा' एवं '=' का तात्पर्य है 'से बड़ा नहीं', तो '$a+b$ तथा $b-c$' संकेत करता है

(A) $ab+c$

(B) $a+c$

(C) $ac+b^2$

(D) $a=c$

**51.** यदि 3 = 7, 8 = 12, 9 = 13 हो, तो 7 = ?

(A) 13

(B) 10

(C) 11

(D) 12

**52.** $A$, $B$ से लम्बा है। $D$, $C$ से छोटा किन्तु $E$ से लम्बा है। ऊँचाई को ध्यान में रखें, तो केवल $D$ ही $A$ तथा $B$ के मध्य है। कौन सर्वाधिक लम्बा है?

(A) $D$

(B) $A$

(C) $B$

(D) $C$

**53.** $A$ ने $B$ से कहा, "मैं जब तुम्हारी उम्र का था, तब तुम्हारी जो उम्र थी, उसकी दोगुनी उम्र आज मेरी है"। यदि उनकी वर्तमान उम्र का योग 63 वर्ष है, तो $A$ की वर्तमान उम्र क्या है?

(A) 28 वर्ष

(B) 36 वर्ष

(C) 45 वर्ष

(D) 18 वर्ष

**54.** सबसे पहले अहमद अपने स्थान से उत्तर की ओर 20 मीटर जाता है, तब वह अपनी दायीं ओर 15 मीटर चलता है। पुनः वह दायीं ओर मुड़ता है और 20 मीटर चलता है। तुरन्त बायीं ओर मुड़कर वह 25 मीटर चलता है। अब अहमद अपने चलने के स्थान से कितनी दूर है?

(A) 40 मीटर

(B) 35 मीटर

(C) 45 मीटर

(D) 50 मीटर



Teachingninja.in

**55.** शृंखला के लुप्त पद को ज्ञात करें :

DCBA, ?, ZYXW, SRQP

(A) FGHE

(B) HGFE

(C) EHFG

(D) GFEH

**56.** यदि FACE को 6135 के रूप में कोड किया जाता है तथा DEAD को 4514 के रूप में कोड किया जाता है, तो HIGH को कोड किया जाएगा

(A) 9556

(B) 6536

(C) 8978

(D) 9887

**57.** इस प्रश्न में एक शब्द के साथ आगे चार और शब्द दिये गये हैं, उनमें से एक शब्द का निर्माण दिये गये शब्द के वर्णों से नहीं किया जा सकता। उस शब्द को चुनें :

COMMENTATORS

(A) ROTATE


(B) COMMON

(C) MOMENT

(D) COSMOS


**58.** एक चौकोर कागज को मोड़कर छिद्रित किया गया, जैसा कि प्रश्न आकृतियों में दिखाया गया है। कागज खोलने पर कौन-सी उत्तर आकृति दिखाई देगी?

प्रश्न आकृतियाँ :



(I) (II)


उत्तर आकृतियाँ :




(A) (B) (C) (D)

**59.** कौन-सी उत्तर आकृति, प्रश्न आकृति को पूरा करेगी?

प्रश्न आकृति :



उत्तर आकृतियाँ :



(A) (B) (C) (D)

**60.** निम्नलिखित क्रम को पूरा करने के लिए सही अक्षरसमूह को चुनें :

___ bb ___ c ___ bg ___ b ___ g

(A) gbcbb

(B) cbgbc

(C) cgbcb

(D) cgbcc



Teachingninja.in

## भाग—3 : सामान्य जानकारी

61. मुगलकाल में पुलिस बल के मुखिया को क्या कहा जाता था?

(A) सूबेदार

(B) कोतवाल

(C) दारोगा

(D) फ़ौज़दार

62. भारत के प्रथम गृहमन्त्री इनमें से कौन थे?

(A) मोरारजी देसाई

(B) गोविन्द बल्लभ पंत

(C) सरदार पटेल

(D) बाबू जगजीवन राम

63. *रामायण* में माण्डवी किसकी पत्नी थी?

(A) सुग्रीव

(B) लक्ष्मण

(C) भरत

(D) मेघनाद

64. प्राचीनतम वेद कौन-सा है?

(A) यजुर्वेद

(B) सामवेद

(C) ऋग्वेद

(D) अथर्ववेद

65. तरला दलाल किस रूप में प्रसिद्ध है?

(A) मीडिया प्रबन्धक

(B) शास्त्रीय नर्तकी

(C) पाक-कला विशेषज्ञ

(D) बाल मनोवैज्ञानिक

66. मुफ्ती मोहम्मद सईद, जिन्हें जम्मू के जोरावर स्टेडियम में 1 मार्च, 2015 को जम्मू एवं कश्मीर के मुख्यमन्त्री के रूप में शपथ दिलाई गई थी, वे

(A) राज्य के 13वें मुख्यमन्त्री हैं

(B) राज्य के 10वें मुख्यमन्त्री हैं

(C) राज्य के 11वें मुख्यमन्त्री हैं

(D) राज्य के 12वें मुख्यमन्त्री हैं

67. भारत का संविधान लिखा गया था

(A) तीन वर्ष से अधिक अवधि में

(B) दो वर्षों में

(C) दो वर्ष से अधिक किन्तु तीन वर्ष से कम अवधि में

(D) तीन वर्षों में

68. भारतीय संविधान में कितने मूल कर्तव्य दिये गये हैं?

(A) ग्यारह

(B) आठ

(C) नौ

(D) दस

69. 'शिपकी ला दर्रा' हिमालय की किस घाटी में स्थित है?

(A) कुल्लू घाटी

(B) सतलज घाटी

(C) नाभा घाटी

(D) चन्द्रा घाटी

70. त्रिपुरा को कब भारत के पूर्ण राज्य का दर्जा दिया गया?

(A) 1975

(B) 1947

(C) 1956

(D) 1972



Teachingninja.in

**71.** महात्मा गाँधी भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के अध्यक्ष किस वर्ष बने?

(A) 1925

(B) 1922

(C) 1923

(D) 1924

**72.** 'क्रीमी लेयर' सम्बन्धित है

(A) कुक्कुट-पालन से

(B) दुग्ध उत्पादों से

(C) बायोस्फियर से

(D) सामाजिक एवं आर्थिक हालात से

**73.** वेदों के गद्य प्रकरण क्या कहलाते हैं?

(A) आरण्यक

(B) उपनिषद्

(C) संहिता

(D) ब्राह्मण

**74.** भारतीय फुटबॉल की निम्नलिखित में से किस राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आरम्भ 1945 में हुआ था?

(A) सीज़र्स कप

(B) सन्तोष ट्रॉफी

(C) डूरन्ड कप

(D) डी० सी० एम० कप

**75.** लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम स्थित है

(A) इलाहाबाद में

(B) कानपुर में

(C) नई दिल्ली में

(D) हैदराबाद में

**76.** पराध्वनिक गति का मापांकन किस इकाई से होता है?

(A) रिक्टर

(B) हर्ट्ज़

(C) मैक

(D) नॉट

**77.** रक्त लाल दिखाई देने का कारण होता है

(A) लोहिताणु

(B) हीमोग्लोबिन

(C) प्लाज़्मा

(D) कतिपय स्रावों का होना

**78.** जल, जो साबुन लगाने पर अच्छा झाग नहीं बना पाता, को क्या कहते हैं?

(A) मृदु जल

(B) संक्रमित जल

(C) खारा जल

(D) भारी जल

**79.** निम्नलिखित में से कौन संसार में सबसे अधिक तीव्रता से काटता है?

(A) ऑस्ट्रेलिया की गिलहरी

(B) भारतीय कोबरा

(C) अफ्रीकी बिच्छू

(D) पनामा की दीमक

**80.** 'गोल्डन पेन ऑफ फ्रीडम' पुरस्कार किससे सम्बन्धित है?

(A) खेल सम्पादकीय

(B) साहित्य-सम्बन्धी लेखन

(C) पत्रकारिता

(D) सिने-कला



Teachingninja.in